# विश्व की जलवायु एवं जलवायु परिवर्तन

**1. शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदानों का उन क्षेत्रों से मिलान कीजिए-**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | पुस्ताज़ | 1. | रॉकी की तलहटी |
| B. | डाउंस | 2. | हंगरी |
| C. | प्रेयरीज़ | 3. | ड्रेकन्सबर्ग और कालाहारी मरुस्थल के बीच |
| D. | वेल्ड | 4. | मर्रे डार्लिंग बेसिन |

**कूट:-**
(a) **A**-2, **B**-4, **C**-1, **D**-3
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-4, **D**-2
(d) **A**-1, **B**-2, **C**-3, **D**-4

**2. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | उष्णकटिबंधीय पतझड़ वन | 1. | बबूल, बेर, नीम |
| B. | उष्णकटिबंधीय कँटीले वन | 2. | एक्सलवुड, तेंदू, अमलतास |
| C. | उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन | 3. | सफेद देवदार, हॉलोक, काली |
| D. | उष्णकटिबंधीय अर्द्ध सदाबहार वन | 4. | रोज़वुड, महोगनी, आबनूस |

**कूट:-**
(a) **A**-2, **B**-1, **C**-4, **D**-3
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-4, **D**-2
(d) **A**-1, **B**-2, **C**-3, **D**-4

**3. ब्रिटिश तुल्य जलवायु के बारे में क्या सही नहीं है?**
(a) यह वर्ष भर पछुआ पवन के प्रभाव में रहता है।
(b) अत्यधिक आरामयुक्त और मानसिक सजगता के लिए उपर्युक्त जलवायु है।
(c) उत्तरी अटलांटिक प्रवाह के प्रभाव और दक्षिणी पछुआ पवन के बने रहने के कारण सर्दियाँ हल्की रहती है।
(d) चक्रवातीय गतिविधियाँ न के बराबर होती हैं।

**4. निम्नलिखित में से कौन-से कारण किसी क्षेत्र की जलवायु को प्रभावित कर सकते हैं?**
**1. अक्षांश    2. पर्वत**
**3.ऊँचाई    4.भू-आकृति**
**5.ऊपरी वायु परिसंचरण**
**कूट:**
(a) केवल 1, 3 और 5
(b) केवल 2, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**5. विषुवतीय क्षेत्र में पाई जाने वाली प्राकृतिक वनस्पति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1.विषुवतीय वनस्पति के अंतर्गत कठोर लकड़ी वाले सदाहरित वृक्ष, बेंत के वृक्ष, बेल, अधिपादक और परजीवी पादप आते हैं।**
**2.विषुवतीय क्षेत्र में वृक्षें के अलावा एपीफाइट्स आदि का वृहत् स्तर पर विकास हुआ है।**
**3. एकल प्रजाति का वर्चस्व।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) उपर्युक्त सभी

**6. भूमध्यसागरीय जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1. वर्षा युक्त शीत ऋतु**
**2. गर्म शुष्क ग्रीष्म ऋतु**
**3. यहाँ पर जीव-जंतुओं की उच्च जैवविविधता पाई जाती है।**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**7. घास भूमियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**
**1. शीतोष्ण घास भूमियों में उष्णकटिबंधीय घास भूमियों की अपेक्षा लंबी घास होती है।**
**2.कंपोस और लानोस उष्णकटिबंधीय घास भूमियों के उदाहरण हैं।**
**कूट:**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. घास भूमियाँ अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों में पाई जाती हैं।**
**2.यूक्रेन व दक्षिण-पश्चिमी रूस में छोटे घास के मैदानों को 'कंपोस' कहा जाता है।**
**3.भारत में उष्णकटिबंधीय घास स्थलों का प्रतिरूप विकसित है।**
**कूट**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**9. बाह्य वायुमंडल पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत है, यह रेडियो संचार में सहायक होती है, क्यों?**
**1. ओज़ोन परत की मौजूदगी के चलते रेडियो तरंगें पृथ्वी की ओर परावर्तित होती हैं।**
**2.रेडियो तरंगों की तरंगदैर्ध्य बहुत अधिक होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. वालरस केवल ध्रुवीय प्रदेश में पाया जाने वाला जीव है, जो केवल ठंडी जलवायु में सुरक्षित रह सकता है।**
**2.टुंड्रा वनस्पति भूमध्यसागरीय प्रदेशों में पाई जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**11. शीत मरुस्थलों के सदंर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. शीत मरुस्थलों में गर्मियाँ लंबी और शुष्क होती है।**
**2.ये मरुस्थल साल के पूरे भाग में ध्रुवीय मरुस्थलों की तरह ठंडे नहीं होते हैं।**
**3.ये अधिक ऊँचाई पर तथा शीतोष्ण क्षेत्रों के वृष्टि छाया क्षेत्रों में पाए जाते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**12. निम्नलिखित जलवायविक लक्षणों पर विचार कीजिए-**
**1. स्पष्ट शुष्क तथा आर्द्र ऋतुएँ।**
**2.वर्ष भर ऊँचा तापमान।**
**3.अधिक सूर्यातप।**
**4.वार्षिक वर्षा 50 सेमी. से 160 सेमी. के बीच।**
**उपर्युक्त लक्षण किस बायोम से संबंधित हैं?**
(a) मानसूनी वन
(b) सवाना
(c) मरुस्थलीय
(d) भूमध्यसागरीय

**13. निम्नलिखित पारिस्थितिक वर्गीकरणों पर विचार कीजिए-**
**1. टुंड्रा**
**2.उष्णकटिबंधीय पर्णपाती**
**3.उष्णकटिबंधीय सदापर्णी**
**4.टेगा**
**इन पारिस्थितिक वर्गीकरण के धबलता परिमाण के बढ़ते क्रम में निम्नलिखित में से कौन-सा एक अनुक्रम सही है?**
(a) 1-2-3-4
(b) 4-3-2-1
(c) 3-2-4-1
(d) 1-3-2-4

**14. निम्नलिखित पर विचार कीजिए-**
**1. उच्च भूमिगम जल स्तर**
**2.वाष्पीकरण की ऊँची दर**
**3.नहरों द्वार सिंचाई**


उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**उपर्युक्त में से किससे /किनसे लवणीकरण संबंधित है/हैं?**

(a) केवल 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**15. निम्नलिखित में से कौन-सी एक उष्णकटिबंधीय सवाना प्रदेश की जलवायु की मुख्य विशेषता है?**

(a) वर्ष भर वर्षा
(b) केवल शीतकाल में वर्षा
(c) अत्यंत अल्पकालित शुष्क ऋतु
(d) निश्चित शुष्क तथा आर्द्र ऋतु

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी, विषुवतीय वनों की अद्वितीय विशेषता है?**

**1. ऊँचे, घने वृक्षों की विद्यमानता जिनके किरीट निरंतर वितान बनाते हो।**
**2.बहुत-सी जातियों का सह-अस्तित्व हो।**
**3.अधिपादपों की असंख्य किस्मों की विद्यमानता हो।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**17. 'जलवायु चरम है, वर्षा कम है और लोग चलवासी पशुचारक हुआ करते थे'**
**उपर्युक्त कथन निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसका सबसे अच्छा वर्णन है?**

(a) अफ्रीकी सवाना
(b) मध्य एशियाई स्टेप
(c) उत्तरी अमेरिकी प्रेयरी
(d) साइबेरियाई टुंड्रा

**18. मरुस्थल क्षेत्रों में जल ह्रास को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से पर्ण रूपांतरण होता है?**

**1. कठोर एवं मोमी पर्ण**
**2.लघु पर्ण अथवा पर्णहीनता**
**3.पर्ण की जगह काँटे**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**1. भूमध्य सागरीय जलवायु क्षेत्रों में वर्ष भर वर्षा होती है।**
**2.इन क्षेत्रों में मुख्यतया उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण वर्षा होती है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**20. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सैन फ़ॉसिस्को, सैंटियागो, केपटाउन और पर्थ में एकसमान रूप से देखी जा सकती है?**

(a) वर्ष भर निम्न तापमान
(b) औद्योगिक केंद्र
(c) भूमध्यसागरीय जलवायु
(d) स्पेनिश मूल की जनसंख्या



UTKARSH उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213